दिनांक : 05.02.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

धन्यवाद प्रस्ताव

लोकसभा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को आज ध्वनि मत से पारित कर दिया। विपक्ष के हंगामे के बीच सरकार की ओर से लाए गए प्रस्ताव को सदन की मंजूरी मिल गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अब सदन में केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा की जाएगी और सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिलेगा।

गृह मंत्री

गृह मंत्री अमित शाह आज से जम्मू-कश्मीर के तीन दिन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे और विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायज़ा लेंगे। श्री शाह राजनीतिक हितधारकों से बातचीत के साथ कानून-व्यवस्था पर भी चर्चा करेंगे। वे सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें भी कर सकते हैं।

भारत टैक्सी

भारत के पहले सहकारिता आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म 'भारत टैक्सी' का आज शुभारंभ होगा। उद्घाटन से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इससे चालक बहन-भाई ज्यादा कमाई के साथ प्लेटफॉर्म के मालिक भी बनेंगे। 'भारत टैक्सी' शून्य कमीशन और बिना सर्ज प्राइसिंग मॉडल पर काम करेगा, जिससे सीधा लाभ ड्राइवरों को मिलेगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज हरिद्वार दौरे पर पतंजलि योगपीठ के कन्या गुरुकुल पहुंचे। यहां उन्होंने हवन में भाग लिया, जिसमें योग गुरु बाबा रामदेव भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा रामदेव के साथ योग किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए पतंजलि परिवार के स्वागत के लिए आभार जताया।

अजित पवार

अजित पवार की विमान दुर्घटना मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैक बॉक्स से जानकारी निकालने की प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी गई है। एजेंसियां ब्लैक बॉक्स में दर्ज तकनीकी डेटा, आख़िरी पलों की गतिविधियां और पायलट-एटीसी बातचीत की जांच कर रही हैं। डेटा के विश्लेषण के बाद डीजीसीए हादसे की वजहों को लेकर विस्तृत रिपोर्ट जारी करेगा।

परीक्षा पे चर्चा

छात्र-छात्राओं के मन से परीक्षा का डर दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल ‘परीक्षा पे चर्चा’ कार्यक्रम में छात्रों से संवाद करेंगे। ‘परीक्षा पे चर्चा’ का यह नौवां संस्करण होगा, जिसका प्रसारण सुबह 10 बजे किया जाएगा। अभिनेता राजकुमार राव ने आगामी परीक्षाओं के लिए Exam Warriors को शुभकामनाएं दी हैं।

दलहन कॉन्फ्रेंस

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से 7 फरवरी को सीहोर जिले में दलहन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत देशभर के कृषि मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है।

रोजगार मेले

खंडवा जिले में आज शासकीय आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला दोपहर 3 बजे तक चलेगा, जिसमें करीब 200 युवाओं की भर्ती होगी। 5वीं से स्नातकोत्तर तक पढ़े 18 से 35 वर्ष के युवक-युवतियां इसमें शामिल हो रहे हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 8 हजार से 25 हजार रुपये तक मानदेय मिलेगा।

क्रिकेट

महिला प्रीमियर क्रिकेट लीग के फाइनल में आज डेल्ही कैपिटल्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंग्लुरू से होगा। वडोदरा के बी.सी.ए. स्टेडियम में ये मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

सोने-चांदी कीमत

सोने-चांदी की कीमतों में आज फिर गिरावट दर्ज की गई है। MCX पर आज 24 कैरेट सोना 2 हजार 777 रुपये टूटकर करीब 1 लाख 50 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। वहीं चांदी की कीमत में भी 16 हजार रुपये से ज्यादा की गिरावट आई है और भाव करीब 2 लाख 52 हजार रुपये प्रति किलो पर पहुंच गया है।

मौसम

मध्य प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से में ठंड और कोहरे का असर बना हुआ है। मौसम विभाग ने कोहरे के कारण वाहन चालकों को सतर्क रहने और जरूरी होने पर ही यात्रा करने की सलाह दी है। विभाग के मुताबिक अगले दो दिन भी कई जिलों में कोहरा बना रहेगा और 10 फरवरी से बारिश के आसार हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ....

- मेरा युवा भारत, कार्यक्रम के तहत आगरमालवा, नलखेड़ा तथा सुसनेर विकासखंड में कल आयोजित की गई खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया।
- झाबुआ में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के आवेदनों की प्रगति की समीक्षा के दौरान प्राप्त 32 आवेदनों की जांच और पेंशन पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

- एनएसएस के तहत डिंडोरी के ग्राम कोहका में 7 फरवरी 2026 तक आयोजित विशेष शिविर`में दौरान डिजिटल साक्षरता पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

- **जिला पेंशन कार्यालय कटनी में आज 5 फरवरी से 7 फरवरी तक तीन दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है।**